दिनांक : 21/03/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के शासक को दी ईद की बधाई, पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर हुई चर्चा।
- राष्ट्रपति मुर्मू आज मथुरा के दंगहाटी मंदिर में करेंगी पूजा-अर्चना।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जयपुर में देश के बड़े उद्योगपतियों से करेंगे मुलाकात, प्रदेश में निवेश के अवसरों पर होगी चर्चा।
- देशभर में ईद का जश्न, राष्ट्रपति मुर्मू ने देशवासियों से की एकता और भाईचारे की अपील।

पीएम मोदी-बहरीन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहरीन के शासक हमद बिन ईसा अल खलीफा से फोन पर बात कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की और रिहायशी इलाकों, ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इन हमलों से दुनियाभर में खाद्य, ईंधन और खाद की आपूर्ति पर बुरा असर पड़ रहा है। उन्होंने समुद्री रास्तों को खुला और सुरक्षित रखने की जरूरत पर भी जोर दिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी- दंगहाटी मंदिर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में गोवर्धन स्थित दंगहाटी मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना करेंगी। दिल्ली रवाना होने से पहले वे पारंपरिक गोवर्धन परिक्रमा भी करेंगी। राष्ट्रपति इन दिनों उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

मुख्यमंत्री-जयपुर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जयपुर में देश के बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात कर प्रदेश में निवेश के मौकों पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में प्रदेश की औद्योगिक नीति, सुविधाएं और तेज मंजूरी प्रणाली की जानकारी उद्योग जगत के सामने रखी जाएगी। मुख्यमंत्री चुनिंदा उद्योगपतियों से अलग-अलग मुलाकात कर प्रस्तावित परियोजनाओं पर भी बात करेंगे।

ईद-उल-फितर

देशभर में आज ईद-उल-फितर का त्योहार खुशी और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशवासियों को ईद की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार आत्मसंयम, दान और जरूरतमंदों के प्रति दया का संदेश देता है। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि इस मौके पर जरूरतमंदों की मदद करें, समाज में एकता और भाईचारा बनाए रखें और देश की तरक्की में अपना योगदान दें।

प्रधानमंत्री- स्वास्थ्य अपील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से अपनी सेहत का खयाल रखने, ज्यादा चीनी से परहेज करने और योग को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने की अपील की। एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने अपने पापा की शुगर कंट्रोल करने के लिए प्रधानमंत्री से मन की बात में मीठे के खिलाफ बोलने की गुजारिश की थी। इसके जवाब में प्रधानमंत्री ने लिखा कि अत्यधिक चीनी कई बीमारियों को

आदिरंग महोत्सव-खंडवा

खंडवा के नया हरसूद स्टेडियम में जनजातीय नृत्य, संगीत और शिल्प कला पर केंद्रित तीन दिवसीय आदिरंग महोत्सव जारी है। महोत्सव के दूसरे दिन यानी आज केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इस महोत्सव में भील, बैगा, गोंड समेत विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक नृत्य और संगीत की रंगारंग प्रस्तुतियां दी जा रही हैं।

शिवराज सिंह- फसल नुकसान

बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को राज्य सरकारों के साथ मिलकर फसल नुकसान का तुरंत और सटीक आकलन करने के निर्देश दिए।

अश्विनी वैष्णव- समीक्षा

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल नई दिल्ली के रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाएं बेहतर बनाने की समीक्षा की। बैठक में भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीक आधारित निगरानी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। रेल मंत्रालय ने बताया कि ये सुधार सबसे पहले नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लागू होंगे और फिर दूसरे स्टेशनों पर भी अपनाए जाएंगे। नई दिल्ली स्टेशन पर एआई कैमरा नेटवर्क से चौबीसों घंटे निगरानी, क्यूआर कोड से प्रवेश नियंत्रण, स्टाफ के लिए रंग-आधारित वर्दी और पहचान पत्र तथा रेल वन ऐप को भारत टैक्सी से जोड़ने जैसी सुविधाएं शुरू की जाएंगी।

स्वदेशी युद्धक ड्रोन

भारत की रक्षा एवं एयरोस्पेस कंपनी सैमटेल एवियोनिक्स ने स्वदेशी युद्धक ड्रोन बनाने और अंतरिक्ष तकनीक के क्षेत्र में उतरने का ऐलान किया है। कंपनी इसके लिए 200 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश करेगी और एक अलग ड्रोन प्रभाग भी स्थापित किया जाएगा जो पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर काम करेगा। यह घोषणा दिल्ली में आयोजित नेशनल डिफेंस इंडस्ट्रीज कॉन्क्लेव 2026 में की गई, जहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने की जरूरत पर जोर दिया।

निर्वाचन आयोग- नियम

निर्वाचन आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और पुद्दुचेरी के आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया पर राजनीतिक विज्ञापनों के लिए सख्त नियम लागू किए हैं। अब सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को टीवी, रेडियो, सोशल मीडिया और एसएमएस पर कोई भी विज्ञापन चलाने से पहले मीडिया प्रमाणीकरण और निगरानी समिति यानी एमसीएमसी से मंजूरी लेनी होगी। इसके अलावा उम्मीदवारों को चुनाव खत्म होने के 75 दिन के भीतर ऑनलाइन प्रचार पर हुए खर्च का हिसाब आयोग को सौंपना होगा।

कैलाश सारंग- युवा संसद

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग कल भोपाल में विकसित भारत युवा संसद के राज्य स्तरीय समापन समारोह में पहुंचे। इस मुकाबले में प्रदेश के 54 जिलों से चुने गए 270 युवाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें से टॉप तीन प्रतिभागी अब राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का झंडा बुलंद करेंगे। मंत्री सारंग ने युवाओं से सीधी बात की और बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित भी किया।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- इंदौर में पिछले 10 दिनों में रिकॉर्ड 3 लाख 63 हजार घरेलू गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी की गई, जो सामान्य दिनों की तुलना में काफी ज्यादा है।
- जबलपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की सूचना देने वाले को जब्त सिलेंडरों की कीमत का 25 प्रतिशत या अधिकतम 5 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।
- धार में राशन दुकानों पर अब हितग्राहियों को अनाज लेने के लिए पीओएस मशीन पर दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।
- झाबुआ में पेटलावद क्षेत्र में 77 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 40 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग के निर्माण का भूमि पूजन किया गया।
- नर्मदापुरम में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में कल 640 बालिकाओं ने टीका लगवाया।
- डिंडोरी में एक अप्रैल को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत पर जिले के सभी प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

- शिवपुरी के कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदारों को ओलावृष्टि से हुई जनहानि और फसल नुकसान का तत्काल सर्वे करने के निर्देश दिए हैं।
- प्रदेश के प्रसिद्ध पण्डोखर धाम में 2 अप्रैल से 30वें वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन शुरू होगा, जो 22 अप्रैल को आद्य शंकराचार्य जयंती पर संपन्न होगा।
- आईएएस कैडर की 10 सदस्यीय टीम ने कल विदिशा जिले के गांवों का दौरा कर आंगनबाड़ी, पंचायत भवन और गौशाला सहित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया।
- फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा और पूर्व राज्यसभा सांसद एवं अभिनेत्री जयाप्रदा ने कल उज्जैन पहुंचकर भगवान महाकालेश्वर के दर्शन किए।
- महामंडलेश्वर अनिरुद्धवान महाराज के नेतृत्व में विश्व शांति के लिए धूमेश्वर धाम से महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग तक की पदयात्रा जारी है।

-------------